तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

गोधना-कुकदा मार्ग गड्ढों में तब्दील, गिर रहे राहगीर, बच्चों को स्कूल जाने में हो रही परेशानी
4



## खबर संक्षेप

### लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय में पीजी प्राचार्य नियुक्त कराने की मांग

**खरौद।** स्थानीय निवासी और शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद से पांच वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए प्राचार्य डॉ.ए.आर बंजारे ने गत सप्ताह क्षेत्रीय विधायक पामगढ़ श्रीमती शेषराज हरवंश को पत्र लिखकर यह मांग किया है कि खरौद कॉलेज की बिगड़ती स्थिति को संभालने के लिए नियमित स्नातकोत्तर प्राचार्य की शीघ्र ही नियुक्ति किया जावे। उन्होंने अपने पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया है कि 5 वर्ष पूर्व उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात से अब तक बारी-बारी से तीन सहायक प्राध्यापक प्राचार्य के प्रभार को संभालते आ रहे हैं। आपस में प्राध्यापकों के बीच में खींचातानी के कारण दो वरिष्ठों को हटवा कर तीसरे क्रम के वरिष्ठ को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंप दिये जाने से महाविद्यालय का समस्त स्टाफ तीन खेमों में बंट गया है, जिसके कारण महाविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था और छात्र-छात्राओं की अध्यापन व्यवस्था चरमरा गई है। इन सबको ध्यान में रखते हुए तथा महाविद्यालय की स्थिति को संभालने व पालको तथा छात्र-छात्राओं के हित में महाविद्यालय में शीघ्र ही स्थाई नियमित स्नातकोत्तर प्राचार्य की नियुक्ति किया जावे, अन्यथा, क्षेत्र के इस सन 1965 के अत्यंत पुराने महाविद्यालय की स्थिति और खराब हो सकती है।

### पांच-दिवसीय झूला उत्सव का आयोजन 3 से

**जांजगीर-चांपा।** श्रावण मास शुरू होते ही देवस्थान और मंदिरों में धूमधाम से झूला उत्सव की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। कुछ लोग भगवान के श्रीविग्रह को रखकर झूला सजाते हैं तो कुछ लोग सामूहिक रुप में यह आयोजन करते हैं। ऐसी ही एक दिव्य आयोजन युवराज स्वामी रामकृष्णाचार्य महाराज के सानिध्य में भगवान श्रीकृष्ण-राधा के झूलनोत्सव महोत्सव का आयोजन 3 अगस्त से 7 अगस्त तक किया जाएगा। बसईवाल परिवार के द्वारा आयोजित कार्यक्रम अग्रसेन भवन नैला में होगा। इसके लिए श्रद्धा और भक्ति के साथ तैयारियां की जा रही हैं ।

### किरारी में कबड्डी प्रतियोगिता एवं नाग पंचमी मेला कल

**अकलतरा।** ग्राम पंचायत किरारी में नाग पंचमी के अवसर पर निःशुल्क कबड्डी प्रतियोगिता, नागपंचमी मेला व नाग देव पूजन का आयोजन 29 जुलाई मंगलवार को होगा। नाग पंचमी के दिन सुबह से ही गुरुवाई दी मंदिर में नाम देवता के दर्शन के लिए श्रद्धालु दर्शन के लिए अन्य राज्य जिला एवं दूर-दूर से ग्रामीण जन आते हैं । गुरुवाईन दाई के दर्शन कर आपकी मन्नत मांगते हैं और नागदेव में दूध लाई नारियल अगरबत्ती चढ़ाते हैं ।गुरुवाईन दाई के प्रति लोगों का श्रद्धा है। यहां प्रतिवर्ष लगने वाला नाग पंचमी मेला के साथ-साथ निःशुल्क कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन होता है जिसे देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह रहता है। इस दौरान गुरुवाईन दाई मंदिर परिसर में ग्राम पंचायत किरारी द्वारा खीर पूड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा। निःशुल्क कबड्डी प्रतियोगिता प्रातः 9 बजे प्रारंभ हो जाएगा। मुख्य अतिथि- सौरभ सिंह, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छ.ग. शासन , मुख्य अभ्यागत राघवेन्द्र कुमार सिंह , विधायक अकलतरा क्षेत्र, अध्यक्षता श्रीमती शकुनदेवी अघरिया जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत अकलतरा, विशिष्ट अतिथि चुन्नीलाल साहू पूर्व विधायक अकलतरा, दिनेश सिंह , जयप्रकाशधर दीवान, घनश्याम प्रसाद लाटा, भागवत सिदार, रजत दीवान, महेश्वर कश्यप ,श्रीमती त्रिवेणी गणेश चौहान अशोक कुमार कश्यप, श्रीमती पूर्णिमा धनेश कुमार गोंड़ , सिजय जगत उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10 हजार एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार एवं शील्ड, तृतीय पुरस्कार 5 हजार एवं शील्ड तथा सांत्वना पुरस्कार 3 हजार एवं शील्ड रखा गया है।

## डीपीएस स्कूल में 100 परीक्षार्थियों को नहीं मिला प्रवेश, मेन गेट के बाहर हुआ हंगामा

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में ऐसी सख्ती कि थोक में वंचित हुए अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

आबकारी आरक्षक की भर्ती प्रक्रिया में इतनी सख्ती बरती गई कि परीक्षार्थी थोक में परीक्षा देने से वंचित रह गए। व्यापमं में नए गाइड लाइन तय किए, जिसके चलते बहुत से परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं मिल सका। दिल्ली पब्लिक स्कूल चांपा में 100 परीक्षार्थी अंदर प्रवेश से वंचित रह गए। नाराज परीक्षार्थी और परिजनों ने स्कूल के मेन गेट के सामने हंगामा भी किया। नियम का हवाला देकर सभी को वापस भेज दिया गया।



केन्द्र के बाहर हंगामा करते परीक्षाथी।

व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा रविवार 27 जुलाई को आयोजित की गई। इसके लिए जिले में 29 केन्द्र बनाए गए थे। परीक्षा केन्द्र दिल्ली पब्लिक स्कूल चांपा में प्रवेश के दौरान हंगामे की स्थिति बन गई। परीक्षा देने पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थियों में से करीब 100 से अधिक परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया गया, जिससे अभ्यर्थियों का गुस्सा फूट पड़ा। परीक्षार्थियों के अनुसार मामूली त्रुटियों जैसे प्रवेश पत्र और आधार कार्ड में नाम या सरनेम की थोड़ी बहुत विसंगति, स्पेलिंग मिस्टेक आदि को आधार बनाकर उन्हें परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं दिया गया। नाराज़ परीक्षार्थियों ने स्कूल प्रबंधन पर मनमानी और कठोर रवैये का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और स्कूल गेट के सामने प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल को भी मौके पर तैनात किया गया ताकि हालात नियंत्रण में रह सकें। छात्रों का कहना है कि छोटी-छोटी गलती की वजह से उनकी मेहनत और तैयारी पर पानी फिर गया है। वहीं कई अभ्यर्थियों का आरोप है कि परीक्षा से वंचित करना नियमों का गलत और सख्त पालन है, जिससे उनका भविष्य दांव पर लग गया। वहीं रामगोपाल देवांगन मेमोरियल सोसायटी के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन का कहना है कि परीक्षा की सारी व्यवस्था डिप्टी कलेक्टर शशि चौधरी के अधिन थी। राजस्व और पुलिस की टीम भी परीक्षा केन्द्र में तैनात थी। अधिकारियों ने अपने नियम के अनुसार परीक्षा का संचालन कराया। स्कूल प्रबंधन ने केवल भवन व संसाधन की व्यवस्था की थी।

### जिले के 29 केन्द्रों में 2211 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

जांजगीर-चांपा। व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने को लेकर 10 हजार 498 अभ्यर्थियो ने आनलाइन आवेदन जमा किया था। परीक्षा में 8 हजार 287 अभ्यर्थी शामिल हुए। वही 2 हजार 211 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। ज्यादातर परीक्षार्थी व्यापमं के नए नियम के कारण परीक्षा से वंचित हुए। दरअसल इस बार व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने परीक्षा के लिए कड़े नियम बनाए थे, जिसके चलते भी बहुत से परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित हो गए। गौरतलब है कि छतीसगढ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा रविवार 27 जुलाई को आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा को लेकर जिले में 29 केन्द्र भी बनाए गए थे। इनमें प्रमुख रूप से आत्मानंद स्कूल जांजगीर क्रमांक 1, बीटीआई स्कूल, गर्ल्स हायरसेकेन्ड्री स्कूल, हायरसेकेन्ड्री स्कूल खोखरा, पालिटेक्निक महाविघालय सहीत अन्य स्कूलो को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर नियमो में बदलाव किया गया। जिसके तहत परीक्षा के समय के 2 घंटे पहले संबंधित केन्द्र तक पहुंचना जरूरी था। सुबह 10 बजकर 30 मिनट के बाद बाद परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नही थी। जुते मोजे पहनने के साथ आभुषण पहनकर परीक्षा दिलाने की अनुमति नही थी। मोबाइल फोन, स्मार्ट वांच, कैलकुलेटर, पर्स,टोपी , बेल्ट लेकर भी परीक्षा दिलाने की अनुमति नही थी। इधर परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा चाक चौबंध ब्यवस्था बनाई गई थी। इधर आबकारी आरक्षक परीक्षा को लेकर जांजगीर सहीत आसपास गांव के सरकारी हायरसेकेन्ड्री स्कूलो में काफी चहल पहल देखी गई। परीक्षा दिलाने को लेकर नवागढ, पामगढ, अकलतरा , बलौदा, बम्हनीडीह क्षेत्रो से काफी संख्या में लोग युवा पहुंचे थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद सडक पर आने जाने वाले युवाओ की काफी भीड देखी गई। उल्लेखनीय है कि ज्यादातर प्रतियोगी एवं विभिन्न पदो पर भर्ती किए जाने वाले परीक्षा का आयोजन अमूमन मई एवं जून महीने के दौरान आयोजित किया जाता है, लेकिन इस बार यह परीक्षा बरसात के दिनो में आयोजित किया गया, जिसके चलते अभ्यर्थियो को सुबह के समय आने जाने में काफी परेशानी हुई सुबह के समय हल्की से मध्यम बुंदाबांदी भी हुई। हालांकि बाद में मौसम में कुछ सुधार हुआ। वही परीक्षा तय समय के अनुसार आयोजित किया गया। परीक्षा के दौरान सामान्य अध्ययन, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान सहित अन्य विषयों को लेकर परीक्षा आयोजित किया गया।



मौके पर ग्रामीणों से पूछताछ करती पुलिस।

## दिनदहाड़े घर घुसकर युवक की हत्या स्कूटी से हत्यारा हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटमीसोनार में रविवार की दोपहर एक युवक की दिन दहाड़े हत्या कर दी गई। हत्यारा स्कूटी से पहुंचा और गैती से वारकर युवक की हत्या करने के बाद फरार हो गया। पुलिस द्वारा संदिग्ध आरोपी को मुंगेली बिलासपुर से गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

■ अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटमी सोनार की घटना

इस संबंध में यह जानकारी मिली कि कोटमी सोनार के ठाकुर मोहल्ला वार्ड क्रमांक 6 में रविवार 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे अमरनाथ केंवट की मां गांव की गली में चिल्लाते हुए निकली कि मेरे बेटे को बचा लो, इसे कोई हास्पीटल ले जाओ । जब लोगों ने घर में जाकर देखा तो 40 वर्षीय अमरनाथ केंवट लहूलुहान पड़ा था। ग्रामीणों ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया और मामले की सूचना अकलतरा पुलिस को दी। अस्पताल में डाक्टर ने अमरनाथ केंवट को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि हत्या का आरोपी स्कूटी से आया था और सीधे घर में घुसकर अमरनाथ पर गैती से कई प्रहार किए जिससे वह गिर पड़ा तब हत्यारा अपनी स्कूटी से भाग निकला । खेती किसानी का दिन होने के कारण लोग अपने खेतों में थे और गांव की गली सुनसान थी और किसी को ने हत्यारे को घर में घुसते और निकलते नही देखा है । हत्याकांड के समय मृतक की पत्नी घर पर ही थी। ग्राम वासियो में चर्चा है कि पति और पत्नी के बीच अक्सर अवैध संबंध को लेकर विवाद होते रहता था। हत्या की सूचना मिलने पर एसडीओपी प्रदीप सोरी एवं थाना प्रभारी भास्कर शर्मा साइबर टीम एवं फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे एवं घटनास्थल का निरीक्षण कर पूछताछ करने के बाद क्लू मिलने पर पुलिस दल को बिलासपुर की ओर रवाना किया गया। पुलिस की तत्परता से अमरनाथ केवट के हत्या के संदिग्ध आरोपी को बिलासपुर से पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा हत्या के संदिग्ध आरोपी एवं मृतक की पत्नी को से पूछताछ की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम 28 जुलाई को होगा।

## कोयले की अफरा तफरी करने वाला फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कांटा ऑपरेटर से मिलीभगत कर कोयला की अफरा तफरी करने वाले फरार वाहन चालक को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूर्व में कांटा ऑपरेटर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पंकज कुमार सिंह ट्रांसपोर्ट डिविजन मैनेजर कोलवासरी बलौदा द्वारा 4 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि कांटा आपरेटर नागेश्वर कश्यप ने वाहन चालकों से मिलीभगत कर कम तौल कोयला को सही तौल पर्ची बनाकर 5 टन कोयला किमती करीबन 24 हजार रुपये का अमानत में खयानत एवं कोयला की अफरा तफरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना बलौदा में धारा 316 (4),3,5 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। संस्थान में लगे सीसीटीव्ही कैमरा एवं कांटा पर्ची का अवलोकन किया गया, जिसमें आरोपी नागेश्वर कश्यप काटा आपरेटर और दो अन्य वाहन चालकों द्वारा आपस में मिलीभगत



कर कोयला की अफरा तफरी करना पाए जाने से आरोपी कांटा को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। आरोपी वाहन चालक प्रदीप नारायण मधुकर जो घटना घटित कर फरार था जिसकी थाना बलौदा पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। वहीं हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज गया। प्रकरण में अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बलौदा राजीव श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक गजाघर पाटनवर, मुकेश यादव, आरक्षक श्याम राठौर, ईश्वरी राठौर सहित थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### धरदेई में पकड़े गए तीन जुआरी

**जांजगीर-चांपा।** शिवनारायण पुलिस ने ग्राम धरदेई में जुआ खेलने वाले 3 जुआरियों को पकड़ा है। जुआरियों के कब्जे से 2740 रुपए नगदी एवं 52 पत्ती तास व 3 मोबाइल बरामद किया गया है। जिले में पुलिस द्वारा लगातार जुआ एवं सट्टा पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम धरदेई में रेड कार्यवाही कर 3 जुआरियों को पकड़ा गया। पकड़े गए जुआरियों में जितेन्द्र कुर्रे पिता जमुना प्रसाद कुर्रे निवासी कोड़ा भाट, संतराम यादव पिता विश्वकर्मा यादव निवासी मेंहदी एवं दिनेश केवट पिता पितराम केवट निवासी राहौद शामिल है। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की ग ई।

## मांग के बावजूद अब तक पंजीयन कार्यालय का नही हो सका स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के कलेक्ट्रोरेट परिसर में संचालित रजिस्ट्री पंजीयन एवं उपपंजीयक कार्यालय का स्थानांतरण नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय मे किया जाना है। वही पक्षकार एवं वकीलो के द्वारा जगह परिवर्तन को लेकर मांग किया जा चुका है। इन सबके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। वहीं नवनिर्मित पंजीयन कार्यालय के पास बरसाती पानी का जमावडा भी बना रहता है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के कलेक्ट्रोरेट परिसर के पास जिला पंजीयक एवं उपपंजीयन कार्यालय का संचालन



विगत 5 सालों से किया जा रहा है। इस कार्यालय के पास बरसात के दिनो में बरसाती पानी का जमावडा शुरू हो जाता है। जिसके चलते वकील एवं पक्षकारो को सबसे अधिक परेशानी होती है। वही जगह परिवर्तन करके पंजीयक एवं उपपंजीयक कार्यालय का संचालन पूर्व की भांती पुराने जिला सत्र न्यायालय के पास संचालन को लेकर मांग भी अब उठने लगी है। पूर्व में यहां संचालित रजिस्ट्री पंजीयन कार्यालय को भवन की समस्या के चलते कलेक्ट्रोरेट परिसर के पास नए भवन में किया जा रहा है। वही पुराने संचालन वाले जगह पर अब नया एसडीएम एवं तहसील भवन बनने के बाद इसका संचालन तो किया जा रहा है। वही रजिस्ट्री पंजीयक एवं उपपंजीयक कार्यालय अब भी कलेक्ट्रोरेट परिसर स्थित खुद के भवन में चल रहा है। हांलाकि रजिस्ट्री पंजीयक एवं उपपंजीयक कार्यालय के पूर्व वाले जगह पर संचालन को लेकर वकील एवं पक्षकार भी इस पर मांग कर चुके है। जिला पंजीयक कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री कराने को लेकर जांजगीर शहर सहित आसपास गांव के लोग बडी संख्या में आते है। इनमें बनारी, धाराशिव, पेन्ड्री, सुकली, वही दुसरी ओर जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री कार्यालय के पास बरसाती पानी का जमावडा प्रारंभ होते ही पक्षकार एवं वकीलो की परेशानी बढ जाती है।

**की गई चर्चा**

जमीन रजिस्ट्री बिक्री पंजीयक एवं उपपंजीयक कार्यालय के एसडीएम एवं तहसील भवन में संचालन को लेकर जिला पंजीयक से चर्चा हुई है। उनके द्वारा विभाग के पास खुद का भवन होने की बात कही।

-सुब्रत प्रधान,
एसडीएम, जांजगीर

## विधानसभा में विधायक के सवाल उठाने के बाद मनरेगा के 442 मजदूरों को हुआ भुगतान

**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा विधानसभा में मनरेगा के मजदूरों के भुगतान के विषय में प्रश्न किए जाने के बाद शान द्वारा 442 मजदूर को उनका लंबित भुगतान किया गया।

शासन द्वारा मजदूरो को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा के माध्यम से कार्य कराया जाता है किन्तु अधिकारियों की लापरवाही से मजदूरो को किये गये कार्यों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। पीड़ित मजदूर लगातार अधिकारियों के चक्कर काट परेशान हो गये थे। इसी क्रम में उन्होंने कुमार सिंह को समस्या से अवगत कराया जिस पर उनके द्वारा विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना लगाई गई। जिसका 16 जुलाई को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत काम करने वाले 1705 मजदूरों का एक वर्ष से भुगतान लंबित होना स्वीकार कर मजदूरों के लंबित भुगतान का शीघ्र ही समाधान करने की बात कही गई थी, जिसके बाद विभाग द्वारा गंभीरता दिखाते हुए 23 जुलाई को 442 हितग्राहियों के भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई है। अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को बार-बार यह कहा जाता रहा कि वर्ककोड जनरेट नहीं होने के कारण भुगतान में तकनीकी समस्या आ रही है जिससे भुगतान लंबित है। विधायक की सक्रियता से एक सप्ताह में ही न हो गया। अब तक 442 केवल वर्ककोड जनरेट मजदूरो का भुगतान हो गया है तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आने वाले सप्ताह में शत प्रतिशत हितग्राहियों की समस्या का समाधान हो जायेगा जिससे मजदूरों ने राहत की सांस ली एवं विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शिव मंदिरों में तैयारी पूरी, श्रद्धालु पहुंचकर करते जलाभिषेक

# सावन का तीसरा सोमवार आज, होगी भोलेनाथ की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सावन के तीसरे सोमवार पर अंचल के शिवालयों में देवाधिदेव महादेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। श्रद्धालु दूर-दराज से आकर शिव मंदिरों में मत्था टेककर बिल्व पत्र चढ़ाकर दुग्ध एवं गंगाजल से भगवान महादेव का अभिषेक करेंगे। इसके लिए जिले के प्रमुख नगर जांजगीर व चांपा सहित जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में तैयारियां पूरी की जा चुकी है।




धार्मिक मान्यतानुसार शिव पूजा के लिए विशेष माने जाने वाला सावन का पावन महीना शुक्रवार 11 जुलाई से शुरू हो हुआ है जो 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगा। सावन के तीसरे सोमवार पर 28 जुलाई को व्रत रखकर श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा अर्चना करेंगी। इस तारतम्य में जांजगीर के उमा महेश्वर मंदिर चंदनियापारा, सेंधवार महादेव, भीमा तालाब के पास स्थित काशीविश्वनाथ मंदिर, शिवमंदिर पुलिस लाइन, भूफोड़ महादेव भड़ेसर, चांपा के हटरी बाजार स्थित शिव मंदिर, शंकर नगर स्थित महादेव मंदिर, लक्ष्मणेश्वर महादेव खरौद, लिंगेश्वर महादेव नवागढ़, तुर्रीधाम और बाबा कलेश्वर नाथ पीथमपुर सहित अनेक शिवालयों में सारी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। इस वर्ष सावन माह में चार सोमवार पड़ रहा है। सावन में श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं भगवान भोलेशंकर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती है। कई श्रद्धालु पूरे माहभर दाड़ी व बाल कटिंग नहीं कराते है तो मांस-मदिरा के सेवन से भी लोग बचते है।

### शिवरीनारायण के रपटा घाट से शुरू होगी कांवड़ यात्रा

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण के रपटा घाट विशाल कांवड़ यात्रा सोमवार को शाम 3 बजे प्रारंभ होगी। यह आयोजन ना केवल श्रद्धालुओं के आस्था का प्रतीक है,बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक सांस्कृतिक महोत्सव बन चुका है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजारों की संख्या में शिवभक्त इसमें शामिल होंगे। यह यात्रा नगर के प्रमुख स्थलों केरा चौक, थाना मोड़, वीडियो चौक और शबरी चौक से होते हुए खरौद पहुंचेगी। इस वर्ष कांवड़ यात्रा में एक विशेष आकर्षण झांकियां जिसमें भव्य शाही सवारी,जो राजा शिव भक्त का स्वरूप लिए सजे-धजे घोड़ों, हाथियों और बैलगाड़ियों के माध्यम से निकाली जायेगी। इसके साथ ही अनेक आकर्षक चलित झांकियां भी निकाली जायेगी, जिनमें शिव विवाह, समुद्र मंथन,कैलाश पर्वत की झलक,तथा अन्य पौराणिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इस बार कांवड़ यात्रा की एक और विशेषता रहेगी।ऑपरेशन सिंदूर के तहत महिला श्रद्धालुओं को विशेष आमंत्रण दिया गया है।

### शिव भक्त मन्दिर में मत्था टेककर करेंगे जलाभिषेक

**खरौद।** सावन का तीसरे सोमवार पर 28 जुलाई को लक्ष्मणेश्वर शिव मंदिर में देवाधिदेव महादेव की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। इसमे दूर दराज से शिव भक्त मन्दिर में मत्था टेककर बिल्व पत्र चढ़ाकर दुग्ध एवं गंगा जल से भगवान महादेव का अभिषेक करेंगे। छत्तीसगढ़ के कांशी के नाम से विख्यात मन्दिर में तैयारी पूरी की जा चुकी हैं। धार्मिक मान्यतानुसार शिव पूजा के लिए माने जाने वाला सावन का पावन महीना बहुत ही महत्व होता हैं। सावन सोमवार व्रत रखकर श्रद्धालु विशेष कर महिलाएं व कुंवारी कन्या व्रत रखकर विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा अर्चना करेंगे। इस वर्ष सावन में चार सोमवार पड़ रहा हैं। सावन में श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए विधि विधान से पूजा अर्चना करती हैं।



बंद सीसीआई संयंत्र का निरीक्षण करते सौरभ सिंह।

## बंद सीसीआई संयंत्र की भूमि का होगा जनहित में उपयोग : सौरभ सिंह

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के द्वारा बंद सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया संयंत्र स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि आने वाले समय में प्रदेश एवं केंद्र में भाजपा की डबल इंजन की सरकार के द्वारा सीसीआई सीमेंट संयंत्र में जो जमीन है उसका व्यापक जनहित में उपयोग जल्द किया जाएगा। इसकी योजना बन रही है जिसमें निवेश भी आयेगा लोगों को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र एवं प्रदेश का विकास भी होगा। विदित हो कि सीसीआई संयंत्र में सीमेंट का उत्पादन 1994 में पूर्ण रूप से बंद होने के बाद 2004 तक इसके समस्त कर्मचारियों को अन्यत्र स्थानांतरित अथवा वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम के अंतर्गत सेवानिवृत्ति दे दी गई थी। उसके बाद से इस स्थान पर नए उद्योग लगाए जाने का इंतजार क्षेत्रवासी कर रहे हैं। इस स्थान पर उद्योग स्थापित करने की तैयारी हो रही है।



# 'उदयपुर फाइल्स' की नई रिलीज तारीख का ऐलान

**मुंबई।** अभिनेता विजय राज की फिल्म 'उदयपुर फाइल्सः कन्हैया लाल टेलर मर्डर' पिछले काफी समय से चर्चा में है। भरत श्रीनेत के निर्देशन में बनी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' अब 8 अगस्त को दर्शकों के बीच आएगी। पहले यह फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। एक इंटरव्यू में भरत ने कहा, हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं। सत्य की हमेशा जीत होती है। फिल्म का नया पोस्टर भी रिलीज हो गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट को निर्देश दिया था कि वह 28 जुलाई को फिल्म रिलीज करने की केंद्र की मंजूरी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करे।

लाइफ Style



# मौनी

## विश्वम्भर में चिरंजीवी के साथ जमेगी जोड़ी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब मौनी के खाते में एक और बड़ी फिल्म जुड़ गई है। सुपरस्टार चिरंजीवी की फिल्म 'विश्वम्भर' में उनकी एंट्री हो चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चिरंजीवी की बहुचर्चित फिल्म 'विश्वम्भर' की स्टार कास्ट में अब मौनी शामिल हो गई हैं। वह फिल्म के एक खास गाने पर चिरंजीवी के साथ थिरकती नजर आएंगी।

कहा जा रहा है कि इस फिल्म में मौनी का जोरदार कैमियो होने वाला है। फिल्म की शूटिंग अपने आखिरी चरण पर है। हैदराबाद में मौनी और चिरंजीवी फिल्म के लिए एक बेहतरीन गाने की शूटिंग कर रहे हैं। 'विश्वम्भर' की बात करें तो इस फिल्म के निर्देशन की कमान मल्लिडी वशिष्ठ ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है।

इस फिल्म में चिरंजीवी की जोड़ी अभिनेत्री तृषा कृष्णन के साथ बनी है। आशिका रंगनाथ, ईशा चावला, सुरभि पुराणिक और कुणाल कपूर जैसे सितारे भी फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते नजर आएंगे। 'विश्वम्भर' का बजट 200 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

अभिनेत्री मौनी रॉय पिछली बार फिल्म 'द भूतनी' में नजर आई थीं, जिसमें उनके काम को काफी पसंद किया गया। हालांकि, उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। अब मौनी जल्द ही फिल्म 'सलाकार' में नजर आएंगी। उनकी यह फिल्म 8 अगस्त को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है।

हॉलीवुड मसाला



# घर की दीवारें करती हैं बातें...

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन फिल्म 'वॉल टू वॉल' एक शानदार मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म है, जो लोगों को इतनी पसंद आ रही है कि आते ही नेटफ्लिक्स पर नंबर बन गई है। ये कोरियाई शख्स वू सुंग के ऊपर बेस्ड है। वू सुंग दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में नौकरी करता है। ये शख्स गांव का खेत बेचकर और लोन लेकर एक अपार्टमेंट में घर खरीदता है लेकिन इसके घर की दीवारों से आती अजीबोगरीब आवाजें इसका जीना हराम कर देती हैं। आखिरकार ये शख्स जिम्मेदार को खोज ही निकालता है।



# एंजेलिना की बेटी ने पार्टनर के साथ रहने के लिए छोड़ा घर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस एंजेलिना जोली इन दिनों टेंशन में हैं। एक्ट्रेस की बेटी शिलोह ने उनका घर छोड़कर अपनी गर्लफ्रेंड डांसर केओनी रोज के साथ रहना शुरू कर दिया है। इस बात को लेकर एंजेलिना और उसके पूर्व पति और बेटी शिलोह के पिता ब्रैड पिट भी परेशान हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक एंजेलिना जोली अपनी बेटी के इस फैसले से खुश नहीं है। कहा जा रहा है कि एंजेलिना की बेट शिलोह पिछले कुछ हफ्तों से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रह रही हैं। दरअसल, एंजेलिना चाहती हैं कि बच्चे उनके साथ ही रहें। वह चाहती हैं कि उनके बच्चे एक सुरक्षित माहौल में रहें। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने छह बच्चे हैं। मैडॉक्स, पैक्स, जहरा, शिलोह और दो जुड़वां बच्चे नॉक्स और विविएन हैं।



# अब मलयालम सिनेमा में दिखाएंगी दमखम


**मुंबई।** सैयामी खेर मनोरंजन जगत की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनकी आगामी फिल्मों का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। उन्होंने हिंदी के अलावा तेलुगु और मराठी फिल्मों में भी काम किया है। अब सैयामी से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आ रही है, जिससे उनके प्रशंसक यकीनन खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, अब सैयामी मलयालम सिनेमा में कदम रखने के लिए तैयार हैं। उन्होंने खुद इस खबर पर मुहर लगाई है। बॉलीवुड हंगामा के साथ खास बातचीत में सैयामी ने खुलासा किया कि वह मलयालम सिनेमा में कदम रखने वाली हैं, जिसके लिए उन्होंने अभिनेता रोशन मैथ्यू से हाथ मिलाया है। अभिनेत्री ने अपनी खुशी जताते हुए कहा, मैं रोशन मैथ्यू की फिल्म में कैमियो कर रही हूं। वह एक बेहतरीन फिल्म निर्माता और अभिनेता हैं। मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। म



# रणवीर अब दिनेश के साथ खेलेंगे पारी

**मुंबई।** रणवीर सिंह पिछली बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आए थे। उधर बतौर लीड हीरो उनकी आखिरी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' थी, जिसने जोरदार कमाई की थी। रणवीर का नाम तब से अब तक कई फिल्मों से जुड़ चुका है। एक ओर वह आदित्य धर की 'धुरंधर' को लेकर चर्चा में हैं तो वहीं अब एक नई फिल्म उनके हाथ लग गई है, जिसके निर्माता 'स्त्री 2' और 'छावा' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके दिनेश विजान हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, दिनेश विजान की इस फिल्म का निर्देशन अमित रविन्द्रनाथ शर्मा करने वाले हैं, जिन्होंने पिछली बार अजय देवगन अभिनीत 'मैदान' का निर्देशन किया था। इससे पहले आयुष्मान खुराना अभिनीत फिल्म 'बधाई हो' के निर्देशन की कमान भी अमित ने ही संभाली थी।

टीवी मसाला



# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में खत्म हुआ 'रूही' का सफर

**मुंबई।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' पिछले 15 सालों से टीवी पर चल रहा है। ये सबसे लंबे समय से टीवी पर टेलीकास्ट होने वाले शोज में से एक है। हाल ही में शो में कई सारे ट्विस्ट एंड टर्न आए हैं और ढेर सारे ट्विस्ट के साथ ही कहानी में लीप आया है जिसके बाद शो से कई सारे किरदार बाहर हो गए हैं। सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलता है' में रूही के किरदार में नजर आने वाली एक्ट्रेस गरविता साधवानी अब शो का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर फैंस को बताया कि वो अब शो का हिस्सा नहीं है और उनका किरदार खत्म हो गया है। फैंस लंबे वक्त से गरविता साधवानी की शो में वापसी का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अब उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक इमोशनल नोट लिखकर कन्फर्म कर दिया कि वो वापस नहीं आ रहीं हैं और ये रिश्ता में उनका सफर खत्म हो चुका है। एक्ट्रेस ने अपनी स्टोरी में एक मेसेज लिखा जिसमें उन्होंने फैंस को जानकारी दी कि अब वो शो का हिस्सा नहीं हैं। वो अपने पोस्ट में लिखती हैं, 'यह बताना चाहती हूं कि अब मैं 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का हिस्सा नहीं हूं। 'रूही' के किरदार को जो प्यार और अपनापन आप लोगों ने दिया, उसके लिए दिल से शुक्रिया। यह किरदार मेरे लिए सिर्फ एक रोल नहीं था, यह एक भावना बन गया था। उन्होंने बताया कि उन्होंने 1.5 साल तक पूरी मेहनत और दिल से यह किरदार निभाया और इस दौरान बहुत कुछ सीखा। गरविता ने अपने सफर को 'जादुई' बताया और कहा कि हर अच्छी चीज की एक खूबसूरत एंडिंग होती है। रूही का किरदार शो की मुख्य भूमिकाओं में से एक था। शो में आए 7 साल के लीप के बाद दर्शकों को उम्मीद थी कि वे रूही और उनके बेटे दक्ष को फिर से स्क्रीन पर देख पाएंगे लेकिन अफसोस, गरविता ने शो से विदा ले लिया है।

## बिग बॉस' के 19वें सीजन का ऐलान

**मुंबई।** छोटे पर्दे का सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 19वें सीजन का आधिकारिक ऐलान हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि




इस सीजन की मेजबानी भी अभिनेता सलमान खान को ही सौंपी गई है। बिग बॉस 19' का पहला प्रोमो वीडियो सामने आ गया है, जिसमें बिग बॉस की आंख को इस बार रंग बिरंगा दिखाया गया है। शो के इस लोगो को अब इसकी थीम से जोड़कर देखा जा रहा है। कलर्स टीवी ने 'बिग बॉस 19' का पहला प्रोमो साझा किया करते हुए लिखा, 'ना चलेगी कोई चाल या नीति, क्योंकि इस बार बिग बॉस में रच जाएगी अनोखी राजनीति।' यह शो कब से शुरू हो रहा है, इसका खुलासा नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन इस बार कई बड़े बदलावों के साथ लौट रहा है। चर्चा है कि इस बार शो में यूएई की हिजाबी डॉल हबूबू की भी एंट्री होगी।

# इन स्टार किड्स ने की थी जबरदस्त शुरुआत एक को मिले थे 30,000 शादी के प्रस्ताव

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'सैयारा' खूब चर्चा में है। इस फिल्म का निर्देशन 'आशिकी 2' वाले मोहित सूरी ने किया है, वहीं यशराज फिल्म्स ने इस पर पैसा लगाया है। फिल्म पहले दिन से ही धमाल मचा रही है। बॉक्स ऑफिस पर तेजी से 100 करोड़ रुपये कमाने वाली इस फिल्म से चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे ने बॉलीवुड में कदम रखा है। आइए जानें उन स्टार किड्स के बारे में, जिन्होंने अपनी पहली ही फिल्म से दिल जीत लिए।



***ऋतिक रोशन को मिले शादी के प्रस्ताव :*** ऋतिक रोशन ने 'कहो ना प्यार है' से बॉलीवुड में कदम रखा था। उनके पिता राकेश रोशन ने उन्हें इंडस्ट्री में लॉन्च किया था। ऋतिक को फिल्म में देखने के बाद लड़कियां इस कदर उनके लिए पागल हो गईं थीं कि उन्हें 30,000 शादी के प्रस्ताव मिले थे। फिल्म में उनकी जोड़ी अमीषा पटेल के साथ बनी थी। फिल्म ने सबसे ज्यादा 92 पुरस्कार अपने नाम किए थे, जिसके चलते इसका नाम गिनीज बुक में भी दर्ज है।



**वरुण धवन :** डेविड धवन के बेटे वरुण धवन भी अपनी पहली ही फिल्म से पर्दे पर छा गए थे। उन्हें करण जौहर ने बॉलीवुड में अपनी फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से लॉन्च किया था और इसके बाद वरुण ने एक के बाद एक हिट फिल्म देकर ऐसा धमाल मचाया कि उन्हें बॉलीवुड का दूसरा गोविंदा कहा जाने लगा। वरुण की कॉमेडी से लेकर डांस तक की तुलना गोविंदा से हुई। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी।



**आमिर खान :** आमिर खान एक लंबे अरसे से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। जब वो अभिनेता नहीं बने थे, तब भी उनका कैमरे की दुनिया से पुराना नाता था, क्योंकि उनके पिता ताहिर हुसैन जाने-माने निर्माता थे। आमिर ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत 1988 में आई फिल्म 'कयामत से कयामत तक' से की थी। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। न सिर्फ ये सुपरहिट हुई, बल्कि इसने 10 पुरस्कार भी झटक लिए थे।




**सनी देओल :** दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के बेटे सनी देओल ने भी बॉलीवुड में एंट्री करते ही धमाल मचा दिया था। अगर कोई स्टार अपनी पहली फिल्म से चमक जाए तो उसके लिए ये सोने पर सुहागा हो जाता है। ऐसा ही सनी के साथ भी हुआ था। उनकी पहली फिल्म 'बेताब' थी और सनी ने आते ही दर्शकों को बेताब कर दिया था।

# 'डॉन 3' में 'आज की रात' गाने पर थिरकती आएंगी नजर

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'डॉन 3' हिंदी सिनेमा की सबसे बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। खास बात यह है कि इस फिल्म के हीरो और कोई नहीं, बल्कि रणवीर सिंह हैं। इस फिल्म में रणवीर की जोड़ी अभिनेत्री कृति सैनन के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'डॉन' की तीसरी किस्त 'डॉन 3' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।

## डांस करती दिखेंगी कृति

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'डॉन 3' में साल 2006 में आई फिल्म 'डॉन' के हिट गाने 'आज की रात' को नए अंदाज में पेश किया जाएगा। इस गाने को शाहरुख खान और प्रियंका चोपड़ा के साथ फिल्माया गया था। 'डॉन 3' के इस गाने में कृति जोरदार डांस करती नजर आएंगी। इसमें अभिनेत्री के साथ अन्य कलाकार भी शामिल होने की उम्मीद है, जिनके नाम पर अभी मुहर नहीं लगी है।




## कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग?

रणवीर इस साल सितंबर तक फिल्म 'धुरंधर' की शूटिंग करने वाले हैं। इसके बाद वह 'डॉन 3' की तैयार में जुटेंगे। फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगी, वहीं यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कृति के पहले रणवीर की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी थी, लेकिन उन्होंने अपनी गर्भावस्था के कारण इस फिल्म से किनारा कर लिया। उधर खलनायक की भूमिका के लिए फरहान कई अभिनेताओं से बातचीत कर रहे हैं।

## निर्देशक सुनील दर्शन ने 20 साल बाद दोनों से जुड़ा किया एक बड़ा खुलासा

# प्रियंका चोपड़ा के चक्कर में अक्षय कुमार की जिंदगी में जब मचा बवंडर



***मुंबई।** अक्षय कुमार बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार रहे हैं, जो अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहे हैं। शिल्पा शेट्टी से लेकर रवीना टंडन तक, उनका नाम कई अभिनेत्रियों के साथ जुड़ा। प्रियंका चोपड़ा के साथ भी उनके अफेयर की खबरें खूब आईं। अब हाल ही में निर्देशक सुनील दर्शन ने 20 साल बाद अक्षय और प्रियंका से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है।*

### 'बरसात' के लिए पहली पसंद बॉबी नहीं, अक्षय थे

साल 2005 में बॉबी देओल, बिपाशा बसु, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'बरसात' आई थी, जो बॉक्स-ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। फिल्म का इतना बुरा हाल हो गया था कि लागत तक वसूलने में भी इसके पसीने छूट गए थे। फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने हाल ही में बताया कि इस फिल्म के लिए बॉबी नहीं, असल में अक्षय निर्देशक की पहली पसंद थे। वह अक्षय, प्रियंका और कैटरीना कैफ के साथ फिल्म बनाना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

### प्रियंका के साथ शूट तक कर चुके थे अक्षय

सुनील बोले, अंदाज' के तुरंत बाद 'बरसात' को एक नए एंगल के साथ एक ट्राएंगल लव स्टोरी के तौर पर डिजाइन किया गया था और अक्षय को मुख्य भूमिका में लिया गया था। उनके पास तारीखें नहीं थीं, जिसकी वजह से उन्होंने तारीख आगे बढ़ाने की मांग की थी, जिसे निर्माताओं ने मान लिया था। सुनील कहते हैं कि उन्होंने पहले ही गाने रिकॉर्ड कर लिए थे और फिल्म के लिए अक्षय-प्रियंका का रोमांटिक ट्रैक शूट हो चुका था।

### ट्विंकल के डर के मारे प्रियंका से बनाई दूरी

निर्देशक ने बताया कि प्रियंका संग अफेयर की खबरों के चलते उनकी पत्नी ट्विंकल खन्ना के साथ उनका रिश्ता बिगड़ रहा था, जिसकी वजह से अक्षय को फिल्म छोड़नी पड़ी थी। कहा जाता है कि फिल्म 'अंदाज' में काम करते हुए अक्षय का दिल प्रियंका पर आ गया था। दोनों के अफेयर की खबर ट्विंकल तक पहुंची तो घर में खूब बवाल हुआ था। अक्षय को ट्विंकल ने कसम दिलवाई कि वह अब प्रियंका के साथ दोबारा काम नहीं करेंगे।

### अक्षय बोले- मुझमें या प्रियंका में एक को चुनना होगा

निर्देशक बोले, 18 महीनों तक उनकी तारीखों का इंतजार करने के बाद ऐन मौके पर अक्षय बोले कि वह मेरी इस फिल्म का हिस्सा नहीं बन सकते। अक्षय ने मुझसे कहा था कि मुझे उनमें या प्रियंका में से किसी एक को चुनना होगा। मतलब अगर प्रियंका होंगी तो वह फिल्म में काम नहीं करेंगे। मीडिया में अक्षय और प्रियंका के अफेयर की खबरों की चर्चा की वजह से उनकी जिंदगी पर असर पड़ रहा था।

### ऐन मौके पर फिल्म से पीछे हट गए थे अक्षय

*सुनील कहते हैं, जब फिल्म के फाइनल शेड्यूल का समय आया तो अक्षय ने मुझे सेट पर बुलाया, जबकि वह अक्सर खुद ही फिल्म निर्माताओं के ऑफिस में मिलने जाते थे। अक्षय ने मुझसे कहा कि फिल्म की वजह से कुछ ज्यादा दिक्कतें हो गई हैं, जिसका सीधा असर उनकी निजी जिंदगी पर पड़ रहा है। वह बोले कि आपको फैसला लेना होगा कि इसके साथ कैसे आगे बढ़ें। अक्षय की बात सुनकर मुझे जोर का झटका लगा था।*

## खबर संक्षेप

### जागृति महिला समूह ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**देवरी सारागांव।** ग्राम पंचायत देवरी में हरेली तिहार के अवसर पर 'एक पेड़ मां' अभियान के तहत जागृति महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंडल तालाब के किनारों पर नीम, आम, अर्जुन, पीपल आदि के पौधे लगाए गए। महिलाओं ने बताया कि पेड़ लगाने से ग्राम में हरियाली बढ़ेगी और वातावरण शुद्ध रहेगा। इस अवसर पर समूह की सदस्य अमीना, इंदल बाई, राम बाई, साहिन, सीता बाई, राजकुमारी, शकुंतला, विमला, गीता, शांति बाई, कोमल, काजल सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। समूह अध्यक्ष ने कहा कि हर तिहार पर पौधरोपण कर इसे परंपरा बनाएंगे ताकि भविष्य की पीढ़ियों को शुद्ध हवा व अच्छा वातावरण मिले। महिलाओं ने पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली। ग्रामीणों ने जागृति महिला समूह की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

### शासकीय स्कूल के तीन छात्रों का कृषि महाविद्यालय में हुआ चयन



**हसौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद के तीन विद्यार्थियों का पीएटी-2025 के माध्यम से शासकीय कृषि महाविद्यालयों में चयन हुआ है। एक बार फिर विद्यालय का गौरव बढ़ा है। विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र कृष्णा साहू का चयन कृषि महाविद्यालय जांजगीर-चांपा, दिव्यांशु भारद्वाज का चयन कृषि विश्वविद्यालय जांजगीर-चांपा तथा मुकेश कुमार का चयन कृषि महाविद्यालय कोरबा में हुआ है। तीनों छात्रों का चयन होने पर विद्यालय के प्राचार्य शिव प्रसाद द्विवेदी, व्याख्याता डॉ जितेंद्र पटेल, अशोक कुमार श्रीवास, दिनेश कुमार चंद्रा, प्रेम सिंह पैकरा एवं अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हाई स्कूल पचगांव में लगाए गए विभिन्न प्रजाति के फलदार पौधे



**बलौदा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बलौदा विकासखंड स्थित शासकीय हाई स्कूल पचगांव में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य जे.पी. बिंझवार के मार्गदर्शन में संस्था हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया द्वारा किया गया। इस पर्यावरणीय पहल में अनार, कोइलार नींबू, आंवला, कालासिरस और सिरसा जैसे कई विविध प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया संस्था के प्रतिनिधि राकेश कुमार सोनवानी उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी को अभियान के महत्व के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य जे.पी. बिंझवार के साथ-साथ शिक्षकगण व्ही.पी. पाण्डेय, बी.पी. राजवाड़े, श्रीमती सुनीता परगनिया, श्रीमती ममता बिंझवार, नरेश कुमार कुर्रे एवं जोहनलाल सारथी भी उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल पर्यावरणीय जागरूकता फैलाने में सहायक रहा, बल्कि विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और संरक्षण की भावना को भी प्रबल किया।

### जय भारत स्कूल में धूमधाम से मनाया हरेली तिहार



**बिर्रा।** जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल बिर्रा में छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और कृषि परंपरा को समर्पित हरेली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार कृषि यंत्रों की पूजा के साथ किया गया। कार्यक्रम में गेंड़ी चढ़ना, रस्साकशी, व लोकनृत्य जैसे पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी गीतों पर शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। पर्यावरण जागरूकता के तहत विद्यार्थियों द्वारा हरियाली पर पोस्टर और नारा लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। विद्यालय के प्राचार्य श्री राम मनहर ने हरेली पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमारी धरती, किसान और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का उत्सव है।

बाइक फिसलने से टूटा था युवक का हाथ, ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की हो चुकी है मौत

# गोधना-कुकदा मार्ग गढ्डों में तब्दील, गिर रहे राहगीर, बच्चों को स्कूल जाने में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम गोधना से कुकदा तक का महज 3 किलोमीटर का संपर्क मार्ग अब ग्रामीणों की जान पर बन आया है। इस पूरे मार्ग में 100 से ज्यादा गड्ढे बन चुके हैं। बारिश के चलते इन गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे सड़क और भी खतरनाक हो गई है। गांव के लोग, स्कूली बच्चे और वाहन चालकों को हर दिन जान जोखिम में डालकर इस रास्ते से गुजरना पड़ रहा है।

गोधना और आसपास गांवों के बच्चे इसी मार्ग से स्कूल जाते हैं। गंदे पानी के छींटों और फिसलन भरे रास्तों के कारण बच्चों को सड़क के किनारे-किनारे चलना पड़ता है। अभिभावक चिंतित हैं लेकिन कोई विकल्प नहीं है। ग्रामवासियों ने बताया कि इस मार्ग की बदहाली के चलते बीते साल दो बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। पहली घटना में बेल्हा गांव के एक युवक की बाइक गड्ढे में फिसल गई, जिससे उसका हाथ टूट गया। दूसरी घटना में ईंट लदे ट्रैक्टर से मजदूर गिर गया और ट्रॉली के पहिए के नीचे दबकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इतनी गंभीर घटनाओं के बावजूद अब तक प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने शीघ्र ही सड़क मरम्मत करने मांग की है।







सड़क में बने गड्ढे व उसमें भरा पानी।

### जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसरों तक शिकायत, लेकिन कोई सुनवाई नहीं

ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को कई बार इस सड़क की हालत के बारे में बताया गया। गांव के युवा विजय अजगले और अमर सिंह काटले ने भी इस मुद्दे को कई बार उठाया, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं, काम नहीं। ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे और जिला कलेक्टर को सामूहिक ज्ञापन सौंपेंगे। उनका कहना है कि यह मार्ग रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है, और इसे ऐसे ही छोड़ देना अधिकारियों की उदासीनता को दर्शाता है।



पाइप लाइन बिछाने खोदा गया गड्ढा।

## जलावर्धन योजना बनी परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नगर में जलावर्धन योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य नगरवासियों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। कार्य के दौरान सड़कें खोदकर अधूरी छोड़ दी जा रही हैं, जिससे जगह-जगह गड्ढे और

- इंजीनियर ने किया मौके का निरीक्षण, ठेकेदार को दिए निर्देश

कीचड़ फैल गए हैं। इन हालातों के कारण राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है।

नगर पालिका के इंजीनियर तारकेश्वर नायक द्वारा समस्या का संज्ञान लेकर मौके का निरीक्षण भी किया गया तथा ठेकेदार के कार्यरत कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। बावजूद इसके ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है और आमजन की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। ठेकेदार की हठधर्मिता के चलते कई मोहल्लों में



कीचड़ व गड्ढों की भरमार हो गई है। कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं और राहगीर रोज़ाना जोखिम उठाकर गुजरने को मजबूर हैं। मोहल्लेवासी इस स्थिति से बेहद परेशान हैं और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि जलावर्धन योजना का उद्देश्य सुविधा प्रदान करना था, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से यह योजना अब संकट का कारण बन गई है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया सावन उत्सव



**बिर्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर में सावन महोत्सव शनिवार 26 जुलाई को मनया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंदु तिवारी उपस्थित थे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में मनोज तिवारी, उषा देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुप्रिया शुक्ला ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां भारती, सरस्वती व ओंकार के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों व नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। सुप्रिया शुक्ला ने कहा कि श्रावण मास भगवान शंकर का प्रिय मास है। ये मास प्रकृति के श्रृंगार का समय है। चारो ओर हरीतिमा आच्छादित रहती है। पद्म पुराण में कहा गया है कि एक पीपल का वृक्ष लगाने से कभी दरिद्रता नहीं होती। अतः पौरोपण अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिक पद्मा पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर देवप्रसाद तिवारी व्यवस्थापक, अगास राम कश्यप प्रधानाचार्य,अ निता यादव , एवं आचार्य बंधु भगिनी अभिभावक एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

## देवकिरारी स्कूल में छात्राओं ने दिखाया देशप्रेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरारी-अकलतरा

विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी एवं शाला प्राचार्य शशिकांत दीवान के मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवकिरारी में सैनिकों के लिए राखी

- रक्षाबंधन पर सैनिकों के लिए राखी भेजने स्कूल में मनाया गया विशेष उत्सव

भेजने हेतु एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्कूल में राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन सामूहिक एवं कक्षा स्तर पर किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने रचनात्मक कौशल से सुंदर राखियां तैयार कीं। प्रतियोगिता का उद्देश्य था देश की रक्षा में लगे सैनिक भाइयों के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करना। प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे। राखी प्रतियोगिता में राधिका प्रथम स्थान, शिवानी कश्यप द्वितीय स्थान, सोनम कश्यप तृतीय स्थान, सामूहिक राखी निर्माण में कु दीप्ति प्रथम स्थान, कु चंद्रहासिनी नेताम द्वितीय स्थान, रागिनी यादव, सुमन यादव एवं मुस्कान अहिल्या क्रमशः तृतीय स्थान पर रहीं। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं उपासना शर्मा, सुनीता कश्यप, एवं शिक्षकगण दीपक भानु, गोपेश पाटले, तथा व्याख्याता शुभाष कश्यप की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देने हेतु प्रोत्साहित किया। शिक्षिका उपासना शर्मा ने बताया की यह आयोजन विद्यार्थियों की रचनात्मकता और देशभक्ति को दर्शाता है, इसके साथ ही उनके सामाजिक और नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करता है। शाला परिवार द्वारा तैयार की गई ये राखियां अब सैनिकों को भेजी जाएंगी, ताकि उन्हें भी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर अपने देशवासियों का प्रेम और सम्मान महसूस हो सके।



राखी बनाओ प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं एवं शिक्षकगण।

## गलियों में बरसाती पानी भरने से आगवामन हो रहा दूभर

**बिर्रा।** पिछले दो तीन दिनों तक हुई लगातार बारिश के चलते ग्राम बसंतपुर की गलियां तालाब के रुप में तब्दील हो गई है। गांव में पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से गली में घुटनेभर तक पानी भर हुआ है। इसके चलते आने-जाने में लोगों को परेशानी हो रही है। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर के हर गली मोहल्ले पानी भरा हुआ है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी सड़कों में बह रहा है। लिहाजा लोगों को गंदा पानी को पार करके जाना पड़ रहा है। न ही पिछले सरपंचों द्वारा नाली निर्माण कराया गया और न ही इस नए पंचवर्षीय के नया सरपंच और न हीं जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के द्वारा नाली की व्यवस्था की गई। कहने को तो यहां के ग्रामीण 21वीं सदी में आ गये है। लेकिन यहां विकास की बातें कोसों दूर की बात है।



## कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नगर मण्डल पामगढ़ के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 124 एपिसोड को तहसील चौक स्थित अनुदिब्य रेस्टोरेंट में सुनी । मन की बात में मोदी ने कपड़ा व्यवसाय में देश के अंदर महाराष्ट्र उड़ीसा की उन्नत तकनीक का वर्णन किया।

भोपाल के स्वच्छता एवं छत्तीसगढ़ के बिल्हा ब्लॉक की महिलाओं के वेस्ट मैनेजमेंट का जिक्र करते हुए सब के सहयोग से पूरे देश को स्वच्छ बनाने का आह्वान किया । उन्होंने खुदी राम बोस के साहस के साथ देश के विभाजन की टीस पर भी अपनी बातें रखी। इस अवसर पर लक्ष्मीकान्त गौरहा, संजय खांडे पार्षद,ओम प्रकाश राठौर, मुकेश कश्यप,सुखसागर ओगरे, मनोज घोष, महेन्द्र श्रीवास, गोलू वर्मा,लखन जायसवाल,लाल सिंह,सचिन साहू ,ममता धीवर, चैतराम यादव,गोलू यादव, श्यामू यादव,सत्यनारायण तिवारी, अशोक सिंह, हरिहर पटेल सहित नगर मण्डल के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते कार्यकर्ता।

## जब किसान मजबूत होंगे तब गांव, जिला व प्रदेश होगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

15 वे वित्त के तहत नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अमोरा में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू ने किसानों को स्पेयर पम्प का वितरण किया।

**खास बात**

- सभापति ने किया अमोरा में किसानों को स्पेयर पम्प का वितरण

सभापति श्री साहू द्वारा किसान रविशंकर साहू, बिहारी तिवारी, मनोज साहू, संतोष कुमार पटेल, लक्ष्मण प्रसाद कश्यप, हरीश कुमार कश्यप, रविन्द्र कश्यप, भरत कश्यप, अंतराम कर्ष, राजकुमार कश्यप, हेमन्त कुमार यादव, अरुण तिवारी, तिहारु केंवट, कार्तिक कश्यप, नारायण पटेल, शिव कश्यप, दिनेश साहू, खम्हन पटेल, इंद्रकुमार पटेल, प्रहलाद चौहान को निःशुल्क स्पेयर पम्प का वितरण किया गया। उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए सभापति श्री साहू ने कहा कि जब से प्रदेश व देश में भाजपा की सरकार बनी है तब से किसानों को सैकड़ो योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब किसान मजबूत होंगे तब गांव जिला व प्रदेश मजबूत होगा और जब प्रदेश मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच अमोरा राकेश कश्यप, खम्हन तिवारी सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



किसानों को स्पेयर पंप वितरित करते सभापति राजकुमार साहू।

जनपद सीईओ ने फलदार पौधा लगाकर लोगों को हरियाली लाने दिया संदेश

## पौधे लगाने से छाया के साथ बना रहता है पर्यावरण संतुलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

जनपद पंचायत जैजैपुर के ग्राम पंचायत परसदा मे पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान पंचायत भवन के आसपास के क्षेत्र में कई पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे जैजैपुर जनपद पंचायत सीईओ वर्षा रानी चिकनजुरी शामिल हुई । उन्होंने फलदार पौधा लगा कर लोगों को हरियाली लाने का संदेश दिया। जनपद सीईओ ने कहा कि वृक्ष से न केवल छाया, लकड़ी, पर्यावरण संतुलन, बल्कि स्वस्थ रहने के लिए फल भी मिलता है। इसलिए अपने आसपास कम से कम एक या दो फलदार वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परसदा की सरपंच उर्वशी साहू ने पौधरोपण करते हुए पेड़ों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि वृहद पौधरोपण से पर्यावरण को हरा भरा बनाया जा सकता है, और हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर वातावरण का निर्माण किया जा सकेगा । इस दौरान जैजैपुर पीईओ बैस, सरपंच प्रतिनिधि ख़ेम साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश बर्मन सहित ग्राम पंचायत परसदा के सभी पंच सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाते अधिकारी एवं अन्य।

### चंदली में मनाया गया हरियाली त्यौहार

**डभरा।** छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्व हरेली के अवसर पर ग्राम पंचायत चंदली में हरियाली त्यौहार मनाया गया, जहां एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया।



विदित हो कि जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत चंदली में छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच सनातन निषाद के नेतृत्व में हरियाली त्यौहार मनाया गया और एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पंचायत भवन परिसर, स्कूल प्रांगड़ एवं अन्य स्थानों पर वृक्ष लगाए गए। सरपंच द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि वृक्ष लगाना हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है इससे पर्यावरण में संतुलन बना रहता है। साथ ही लगाए गए वृक्ष को सही सलामत सहजने के लिए भी कहा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सरपंच सनातन निषाद के साथ साथ उप सरपंच चारों बाई निषाद, सक्रिय महिला पार्वती निषाद, उर्मिला निषाद, पंचगढ़, सचिव, महिला समूह के सदस्य के साथ साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

